राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में 'शहीद दिवस' के अवसर पर स्वतंत्रता–संग्राम के शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया

पटना, 30 जनवरी 2019

आज 'शहीद दिवस' के अवसर पर राजभवन, पटना में राज्यपाल सचिवालय के वरीय अधिकारियों तथा राजभवन कर्मियों ने भारतीय स्वतंत्रता–संग्राम के हुतात्माओं की पुण्य स्मृति में 11 बजे पूर्वाह्न में दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का भी पुण्य स्मरण किया गया।

भारतीय स्वतंत्रता–संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देनेवाले शहीदों की स्मृति में 'मौन–धारण' का यह कार्यक्रम राजभवन के दरबार हॉल में सम्पन्न हुआ।

....